वी.यू. ट्यूबरकुलोसिस पीडित बच्चों को गोद लेगा

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारयों की बैठक ने संबोधित करते हुये कहा कि माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय श्रीमति आनंदी बेन पटेल की इच्छानुसार हमें अपनी स्वेच्छा से एक एक ट्यूबरकुलोसिस बीमारी से पीड़ित बच्चे को गोद लेना है। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों ने एक-एक बच्चे को गोद लेने की सहमति दी। इस अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. मधु स्वामी ने बताया कि हम इस अभियान में शीघ्र विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती बच्चों को शामिल करेंगे एवं उन्हें पोषक आहार प्रदान करने की व्यवस्था करेंगे। इसके साथ साथ ऐसा छात्रों के अध्ययन हेतु पुस्तकें एवं कॉपियां भी उपलब्ध कराई जायेंगी। जिससे वो स्वास्थ्य सुधार के साथ पढ़ाई कर सकें। प्रत्येक इच्छुक एक अधिकारी एक बच्चे को गोद लेगा।

इस बैठक में डीन डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. वाय.पी. साहनी, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. पी.सी. शुक्ला सहित समस्त विश्वविद्यालय अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.
जबलपुर